कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 07.03.2024

/प्रतिवेदन/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में **'मेरा पहला वोट देश के लिए'** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल के द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को शपथ दिलायी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत कु0 रिया बारले, एम0 ए0 अंग्रेजी द्वितीय सेम0, कु0 जागेश्वरी एम0 ए0 हिन्दी द्वितीय सेम0 एवं तृतीय स्थान पर कु0 किरण सोनबेर, एम0 ए0 हिन्दी चतुर्थ सेम0 रही। निबंध प्रतियोगिता में कु0 दीपिक मिर्चे, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी, कु0 प्रेरणा बी0 एस–सी0 द्वितीय, कु0 आकांक्षा साहू, पीजीडीसीए तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कु0 दीपिका मिर्चे, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी प्रथम, कु0 पूजा चेलक पीजीडीसीए द्वितीय एवं कु0 जागेश्वरी एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय की छात्राओं में मतदाता जागरूकता हेतु गूगल फार्म के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कु0 पूजा चेलक, पीजीडीसीए प्रथम, द्वितीय स्थान पर कु0 रिया बारले, एम0 ए0 अंग्रेजी द्वितीय सेम तथा कु0 गीतांजली, एम0 ए0 चतुर्थ सेम0 हिन्दी तृतीय स्थान पर रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मंजूलता साव, डॉ0 आरती राठौर, कु0 रश्मि नौरंगे रहें। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती वंदना बंजारे कार्यक्रम अधिकारी द्वय ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय परिसर में स्लोगन एवं पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन के रूप में निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अगव्राल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या महाविद्यालय, दुर्ग


कठिनाई का मतलब असंभव नहीं है।
इसका सीधा सा मतलब है कि आपको
कड़ी मेहनत करनी होगी ।
- डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम -
अपने पैर पर खड़ा हो सके ।


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
'मेरा पहला वोट
देश के लिए'
MERA PEHLA
VOTE
DESH KE LIYE
INDIA'S YOUNG VOTERS..
The Future of Developing Country.
Power of one VOTE
मतदाता जागरूकता
VOT


GGCB-83-84(25)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.06.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में भूगोल विभाग के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम भी तय की जाती है। पिछले साल थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी तथा इस वर्ष की थीम "Land Restoration, Desertification And Drought Resilience" है। इस थीम का फोकस मरूस्थलीकरण और वन–विनाश को रोकना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला साल 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टॉकहोम सम्मेलन में किया गया था जिसकी थीम पर्यावरण संरक्षण थी इसके बाद प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है अतः पृथ्वी के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर भूगोल विभाग की छात्राओं के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी एवं वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर विभाग की छात्राएँ – कु. मानसी ठाकुर, उमा साहू, अंशू बंजारे, नम्रता एवं अन्य छात्राएँ उपस्थित थी।


कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष ने किया तथा आभार प्रदर्शन कु. मानसी ठाकुर ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.06.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व का पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है इसकी सुरक्षा हेतु पेड़–पौधे की कटाई को रोकते हुए अधिक से अधिक मात्रा में पौधा रोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सबका दायित्व है। बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है जिसका मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः जल, जमीन, जंगल का संरक्षण आज के संदर्भ में अति आवश्यक है।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया भिलाई इकाई के चेयरमेन श्री के. सुब्रमण्यम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई और उन्होनें कहा कि आज पृथ्वी खतरे में है अतः प्रत्येक वस्तु को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा पौधों का संरक्षण करने हेतु शपथ ली गई। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. के.एल. राठी, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. सुबोध देवांगन, श्री सुरेश राव, अंशुल देवांगन, के. स्तुति तथा बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## वृक्षारोपण – एक पेड़ मां के नाम

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृहद् पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण अतिवृष्टि एवं अनावृष्टि जैसी समस्याऐं उत्पन्न हो रही हैं। पर्यावरण के संतुलन को बनाए र खने के लिए एवं पर्यावरण को प्रदूषण से बचाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 'एक पेड़ मां के नाम' का लगाना चाहिए। पेड़ों के रोपण के साथ ही पेड़ों को बचाना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि पेड़ों की सुरक्षा हम सबका दायित्व है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य अपनी मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पौधारोपण किया जाना है तथा यह मातृभूमि के प्रति भी सम्मान को व्यक्त करता है। छात्राओं ने परिसर में गुलमोहर, बेल, आंवला, कचनार, करंज, नीम आदि के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। जिससे महाविद्यालय परिसर को प्रदूषण से बचाया जा सके। महाविद्यालय द्वारा पौधों की रक्षा हेतु ट्रीगार्ड की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 आरती राठौर ने किया। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मुक्ता बाखला, डॉ0 मोनिया राकेश, श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर एवं श्री ओम ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# वृक्षारोपण – 'एक पेड़ मां के नाम'








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.09.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत दिनांक 17.09.2024 से 02.10.2024 तक स्वच्छता अभियान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत दिनांक 17.09.2024 से 02.10.2024 तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल के उद्बोधन से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा की जंयती के अवसर पर स्वच्छता अभियान पूरे भारत वर्ष में प्रारंभ किया गया था। गांधीजी के द्वारा चलाए गए इस अभियान में हमें भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभानी चाहिए। 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत हमें इस कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना है।

इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव, कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य पूरे देश में उच्च स्तर की स्वच्छता सुनिश्चित करना है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था। जिसे हमें भी पूर्ण करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अभियान के तहत् छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 आरती राठौर, अतिथि व्याख्याता ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# स्वच्छता ही सेवा








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.10.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा इस अवसर पर छात्राओं स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी।

प्रभारी प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के सपने का सम्मान करने के लिए 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है। यह एक राष्ट्रीय अभियान है जिसका उद्देश्य कस्बों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गलियों, सड़कों तथा देश को साफ–सुथरा करना है। हम सबका दायित्व है कि इस अभियान के तहत लोगों के बीच स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नागरिकों से आस–पास की स्वच्छता बनाये रखने के लिए आग्रह करना। हम स्वयं स्वच्छ रहें, सुसंस्कृत रहें तथा लोगों को स्वच्छ एवं सुसंस्कृत रहने की प्रेरणा दें।

स्वच्छता अभियान में सम्मिलित छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिये तथा पोस्टर प्रतियोगिता, नारालेखन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की सहभागी छात्राओं तथा कु. पूर्वी साहू बी.ए. अंतिम वर्ष को स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता प्रदान करने पर प्रमाण–पत्र, कलम एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सहयोगी श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा यादव, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला एवं श्री कमलेश साहू का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर ने किया तथा आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
## गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.10.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज की ग्रीन आर्मी ने चलाया स्वच्छता अभियान

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ग्रीन आर्मी ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। अर्थशास्त्र विभाग की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं पिछले तीन वर्षों से ग्रीन आर्मी के रूप में महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे रही है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरक का काम कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल छात्राओं के मध्य उपस्थित होकर उनके इस प्रयास की उन्होनें सराहना की।

अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप के मार्गदर्शन में छात्राएँ सप्ताह में एक दिन अपनी कक्षाओं के साथ-साथ अन्य छात्राओं को परिसर की स्वच्छता एवं उद्यान की हरियाली को लेकर प्रोत्साहित करती है।

अर्थशास्त्र परिषद की अध्यक्ष कु. सबीना परवीन विशेष रूप से विभाग की छात्राओं का महाविद्यालय परिसर स्वच्छ रखने का संदेश देती रहती है। ग्रीन आर्मी की कु. कोमल देवांगन, ट्विंकल यादव, शालिनी, तृप्ति साहू, दिप्ति ठाकुर, चंचल यादव, मानसी, शालिनी दिवाकर, सरस्वती एवं अंजली बंसल की स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग रहा।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् एवं मतदाता जागरूकता

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव द्वारा प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि हम सबको निर्भिक, निष्पक्ष होकर देश एवं राज्य में आयोजित होने वाले निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। देश के नागरिक होने के नाते हम सबका दायित्व है कि स्वयं मतदान करें एवं अपने सम्पर्क में आने वाले आसपास के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें।

इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि हमारे देश में मतदान प्रक्रिया में युवाओं का मतदान प्रतिशत कम होने के कारण 25 जनवरी 2011 से मतदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। जिससे स्वयं युवा मतदान हेतु प्रेरित हो एवं सक्रिय होकर लोगों को भी जागरूक करें। डॉ0 विजय वासनिक, स्वीप प्रभारी ने मतदाता जागरूकता हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा 1915 में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की रचना की गई। छात्राओं को 'वन्दे मातरम्' के 150वीं वर्षगांठ पर प्रेरणा लेनी चाहिए कि यह हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है जिसका सदैव सम्मान करना चाहिए। डॉ0 मिलिन्द अमृतफले विभागाध्यक्ष संगीत के निर्देशन में संगीत की छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार ने सामुहिक गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ0 मिलिन्द अमृतफले ने किया।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् एवं मतदाता जागरूकता

